Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)
(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

APEM LIVE NEWS सच का साथी

दैनिक संध्या डिजिटल अखबार | सच का साथी | दिनांक 31-03-2023 | अंक 527

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

## न्यूज ब्रीफ

### जनता दरबार में सुनी गई लोगों की शिकायते



**अपेम लाइव : लातेहार**

लातेहार : उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी भोर सिंह यादव के निर्देशानुसार उप विकास आयुक्त आलोक शिकारी कच्छप की अध्यक्षता में साप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनता दरबार में आए ग्रामीणों व आम-जन ने अपनी-अपनी समस्याओं को लेकर आवेदन देते हुए समस्याओं को ससमय निराकरण करने की मांग की।जनता दरबार में क्रम वार तरीके से सभी की समस्याओं को सुनी गई एवं अश्वासन दिया गया कि उनके सभी शिकायतों की जल्द से जल्द जाँच कराते हुए शिकायतों का समाधान किया जाएगा। फरियादियों की समस्याओं को लिखित आवेदन के माध्यम से प्राप्त कर उन्हें संबंधित पदाधिकारियों को निवारण को लेकर अग्रसा. रित कर जल्द से जल्द निष्पादित करने का निर्देश दिया गया।

### ब्रह्म विद्या विहंगम ने किया सत्संग गोष्ठी का आयोजन



**अपेम लाइव : बरही**

बरही पटना रोड में इंस्पेक्टर बंगला के पीछे ममता देवी के निवास स्थान में ब्रह्म विद्या विहंगम योग द्वारा सत्संग गोष्ठी का आयोजन सत्संग प्रभारी कृष्णा गुप्ता के अध्यक्षता में किया गया। जिसमे कार ध्वनि सामूहिक, स्वगतगान सामूहिक, मंगलगान सामूहिक एवं माल्यार्पण सामूहिक रूप से किया गया। साथ ही ज्ञान गुदड़ी पाठ ममता देवी, स्वर्वेद पाठ कृष्णा गुप्ता, भजन ममता देवी, प्रवचन चंद्र मोहन मिश्रा, वंदना सामूहिक, ध्वजारोहण सामूहिक, आरती सामूहिक एवं शांतिपाठ भी सामूहिक रूप से किया गया। मौके पर अनमोल राणा, किशोर उर्फ सत्येंद्र सिंह, राजदेव सिंह, भारती देवी, विमला देवी, नेहा केशरी, सुनीता देवी, चम्पा देवी, ममता देवी, नीलम देवी, रेखा देवी, सुनीता देवी, अनिता देवी, पूनम देवी एवं चंद्रमोहन मिश्रा मौजूद थे।

### झामुमो का 44 वां स्थापना दिवस हजारीबाग में मनाया जाएगा



**अपेम लाइव : बरकट्ठा**

बरकट्ठा प्रखंड क्षेत्र के कोनहारा निवासी झामुमो जिला उपाध्यक्ष यासीन खान ने बताया कि आगामी 4 अप्रैल को झामुमो के 44 वां स्थापना दिवस समारोह में हजारीबाग के संत कोलंबा कॉलेज ग्राउंड में झारखंड के मुख्यमंत्री श्री हेमंत सोरेन जी का आगमन हो रहा है। जिसमें सभी ग्राम वासियों,बरकट्ठा प्रखंड और चलकुसा प्रखंड के लोग अधिक से अधिक संख्या में 4 अप्रैल मंगलवार को भाग लेने का आग्रह किया है।

APEM LIVE

# सरसो तेल से भरी टैंकर में लगी आग, वाहन जल कर राख

## आग की लपटों से यातायात हुवा प्रभावित, रातभर जलता रहा वाहन, चालक व उपचालक सुरक्षित

**अपेम लाइवः चौपारण**
**किशोर राणा**

हजारीबाग जिला मुख्यालय से 66 किमी दूर चौपारण प्रखंड के दनुआ घाटी हथिया बाबा के समीप देर रात आग की घटना सामने आई। चौपारण थाना क्षेत्र में हथिया बाबा के दनुआ घाटी में सरसों तेल से लदे टैंकर संख्या आरजे 02 जीए 9983 में अचानक आग लगने से बड़ी हादसा हुआ। इस आग में वाहन सहित सरसो तेल जलकर खाक हो गया। पुलिस प्रशासन व ग्रामीणों की तत्परता से चालक मो अख्तर को सुरक्षित निकाल लिया गया। आगलगी की इस घटना को लेकर बताया जा रहा है कि चौपारण थाना क्षेत्र में हथिया बाबा के दनुआ घाटी के पास शुक्रवार अहले सुबह लगभग साढ़े तीन बजे सरसों तेल से लदे एक वाहन में भीषण आग लग गयी। प्रशासन और दमकल गाड़ी की मदद से आग पर काबू पाया गया। शॉट सर्किट से सरसो तेल लदा वाहन में आग लगने बात बताई जा रही है। इस संबंध में थाना प्रभारी शंभूनंद ईश्वर ने बताया कि दनुआ घाटी में सरसों तेल लदे ट्रक संख्या 02 जीए/ 9983 में आग लग गयी, इससे तेल सहित वाहन पूरी तरह से जलकर खाक हो गया। वहीं ट्रक चालक मो ।अख्तर को सुरक्षित जलती वाहन के केबिन से बाहर निकाल लिया गया। वाहन अलवर राजस्थान सरसो तेल भरकर कोलकाता जा रही थी। वहीं घटना को लेकर प्रशासन ने तत्परता दिखाते हुए एनएच 2 पर आवागमन रोक दिया। आग पर काबू पाने के बाद एहतियातन एनएच 2 की एक लेन को बंद कर दिया गया। इसके बाद आग पर पूरी तरह काबू पाने के बाद एनएच 2 पर दोबारा आवागमन पूरी तरह से चालू कराया गया। मालूम हो कि एनएचआई द्वारा करोड़ो रूपये की लागत से निर्माण की गई फोर लेन को यातायात नियम को ताक पर रख कर बनाया गया है। जिससे झारखंड से बिहार जाने में अत्यधिक ढलान है। जिससे वाहन अनियंत्रित होकर काल के गाल में समा जाती है और वहीं बिहार से झारखंड आने में इतनी अधिक चढ़ान है कि वाहन का दम निकलने लगता है। जिससे महीना दो महीना पर श०ट सर्किट होकर वाहन जल कर रख हो जाते है। जबकि कुछ लोगो का कहना है कि इस चढ़ान में श०ट सर्किट से आग लगने के रूप चर्चित हो जाने के कारण इसके आड़ में सामान का ठिकाना लगा कर वाहन को आग के हवाले कर डबल मुनाफा कमाने का तकनीक बना दिया गया है। इस बात की सच्चाई के लिए प्रशासन व बीमा कंपनियों को आगे आने की जरूरत है।





# बरही : शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ रामनवमी, जय श्रीराम के नारों से गुंजयमान हुआ बरही

## विधायक एवं पूर्व विधायक ने लाठी खेलकर रामभक्तों का बढ़ाया उत्साह







**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

बरही में रामनवमी पर्व धूमधाम के साथ मनाया गया। इस मौके पर मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम व भक्त हनुमान की पूजा-अर्चना की गयी। गुरुवार को सभी मंदिरों में पूजा अर्चना करने वाले श्रद्धालुओं की भारी भीड़ लगी रही। सुबह से ही श्रद्धालु मंदिरों में पहुंचकर पूजा अर्चना की, लोग अपने-अपने घरों में पूजा कर महावीरी पताका लहराएं। पूरा क्षेत्र जय श्री राम, जय हनुमान के नारों से गूंजता रहा।रामनवमी में भगवान श्रीराम के जन्मदिवस पर भक्त हनुमान की पूजा की जाती है, श्रद्धालुओं ने कहा कि भक्तों के लिये यह दिन हनुमान की पूजा के लिये खास दिन हैं। बरही के हजारीबाग रोड, धनबाद रोड, तिलैया रोड, रसोइया धमना, करियातपुर, दुलमाहा, गौरियाकरमा, बरसोत, विजैया सहित कई जगहों में श्रद्धालुओं ने गाजे-बाजे के साथ जुलूस निकाला। रामनवमी पर्व को लेकर बरही में कई आकर्षक झांकियां निकाली गई। झांकी अपने अपने मंदिरों से निकलकर बरही चौक पहुंची, जहां रामभक्तों ने लाठी खेलकर अपने अपने कलाओं का प्रदर्शन कर लोगों का उत्साह बढ़ाया। बरही चौक पर बरही पुलिस प्रशासन के अलावे सद्भावना विकास मंच के सदस्य भी मौजूद रहे।





**पुलिस प्रशासन की टीम रही मौजूद :**

बरही चौक समेत विभिन्न जगहों पर एसडीओ पूनम कुजुर, एसडीपीओ नाजिर अख्तर, सीओ अरविंद देवाशीष टोप्पो, बीडीओ क्रिस्टीना रिचा इंदवार, पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी ललित कुमार, कोबरा 203 के पीआरओ पंकज कुमार यादव जुलूस में दलबल के साथ मुस्तैद दिखें।

**विधायक, पूर्व विधायक भी रहे मौजूद :**

झांकी में रामभक्तों का उत्साह बढ़ाने बरही विधायक उमाशंकर अकेला, पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव शामिल हुए और पा. रम्परिक हथियार चलाकर रामभक्तों का उत्साह बढ़ाया।

**बरही चौक समेत आस-पास लगे थे विभिन्न स्टॉल**

रामनवमी के अवसर पर बरही चौक समेत आस-पास विभिन्न व्यवसायियों व सामाजिक संगठन के लोगों द्वारा स्ट०ल लगाकर रामभक्तों का उत्साह बढ़ाते नजर आएं। बरही चौक पर गुप्ता इम्पोरियम के द्वारा हलुआ, पेयजल और शरबत की व्यवस्था की गई थी। वहीं बजरंग दल के द्वारा पेयजल व पौष्टिक आहार उपलब्ध कराया गया। इसके अलावा भगवती मंदिर धनबाद रोड के द्वारा बैंक अ०फ इंडिया के सामने स्ट०ल लगाकर रामभक्तों के बीच पेयजल व हलुआ की व्यवस्था कराया।

**रामनवमी महासमिति के मंच पर रहें मौजूद :**

बरही चौक पर बनें रामनवमी महासमिति के सौजन्य से बनाएं गए मंच पर बैठकर पदाधिकारी व महासमिति के पदाधिकारी व सदस्य झांकी पर नजर बनाए हुए थे। इस दौरान रामनवमी महासमिति के अध्यक्ष रमेश ठाकुर, सचिव अमित कुमार साहू, उपाध्यक्ष कपिल केशरी, कोषाध्यक्ष बलराम केशरी, महासमिति के संरक्षक तापेश्वर साव, भगवान केशरी, महावीर मण्डल अध्यक्ष गुरुदेव गुप्ता, बजरंग अखाड़ा अध्यक्ष राजू निषाद, अंजनी अखाड़ा अध्यक्ष सुनील साहू, हनुमान सेना अध्यक्ष राजेश केशरी, बाराटांड हनुमान सेना अध्यक्ष अनुज रविदास, छोटेलाल शर्मा, अजय आनंद, अमित जयसवाल, अनुज कुमार, बिरेन्द्र कुमार रवि, लोकेश ठाकुर, अनिल केशरी, गुड्डू बर्नवाल, गौतम केशरी, अमित कुमार, निक्कू कुमार, सिक्की कुमार, अमित कुमार सिंह, पंकज कुमार, प्रकाश केशरी, धर्मेंद्र सिंह, पिंटू साहू, संजय कुमार, कालीचरण ठाकुर, नवलकिशोर सिंह, चंदन कुमार, गौतम कुमार, उदय केशरी, पंकज वर्णवाल, प्रभात सिन्हा, प्रभु राणा, नितेश कुमार, संजय रविदास, बिरेन्द्र कुमार, राजेश केशरी, नंदकिशोर कुमार, राजेश केशरी, संतोष निषाद, रंजीत केशरी, मोती सिंह, अमित सिंह उर्फ छोटू, मनोज कुमार, रोहित कुमार, सुबोध केशरी समेत हजारों लोग मौजूद थे।

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

## दुलमहा में दिखा हिंदू मुस्लिम के बीच आपसी सद्भाव एवं भाईचारगी का नजारा

### दुलमहा मुस्लिम वेलफेयर सोसायटी ने स्टूल लगाकर रामभक्तो के लिए की पेयजल की व्यवस्था

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



मजहब नहीं सिखाता आपस में बैर रखना हिंदी है हम वतन है हिंदोस्तान हमारा। इस उक्ति को चरितार्थ किया है दुलमहा लखना के मुस्लिम समाज के लोगों ने। कभी बरही का सबसे ज्यादा अति संवेदनशील क्षेत्र के नाम से जाने जाना वाला दुलनाहा लखना, इस रामनवमी में हिंदू मुस्लिम भाई चारगी, आपसी सद्भाव का अनूठा उदाहरण पेश किया। प्रशासन के लिए सिर दर्द बने रहने वाला यह गांव इस बार शांति एवं सौहार्द के साथ रामनवमी पूजा संपन्न कराया। इसका श्रेय जाता है दुलमहा मुस्लिम वेलफेयर सोसायटी को। इस बैनर के तले मुस्लिम समाज के लोगों ने हिंदू भाइयों के लिए स्टॉल लगाया। उनके लिए बैठने एवं पेयजल की व्यवस्था की। इतना ही नहीं पूर्व मुखिया प्रतिनिधि मो बेलाल, समाजसेवी मो इस्लाम के नेतृत्व में सैकड़ो मुस्लिम भाइयों ने जुलुश में खुद घूमे। किसी तरह की अनहोनी नही हो, इसके लिए खुद निगरानी करते रहे। वरिष्ट समाजसेवियों एवं रामभक्तो को स्वागत किया गया। उनके द्वारा लगाए गए पोस्टर में एक और श्रीराम जन्मभूमि मंदिर का फोटो लगाया था, वही दूसरी ओर मुस्लिम समाज के पवित्र तीर्थ स्थल मस्जिद का फोटो लगाया गया था। जिसे दोनो समुदाय के लोगों ने काफी सराहा। मो बेलाल ने कहा की कुछ असामाजिक तत्वों के कारण दुलमहा लखना का नाम बदनाम हुआ है। बदनाम करने में बाहरी तत्वों का ही हाथ रहा है। जबकि हमारे गांव के लोग अमन पसंद लोग हैं। आपस में अच्छा रिश्ता है। लेकिन बाहरी लोग हम भाइयों के बीच जहर घोलने का काम करते है। जिसके कारण माहौल बिगड़ता रहा। लेकिन अब दोनो समुदाय के लोगों को समझ में आ गया है की आपस में मिल जुल कर रहने से ही फायदा है। इसकी पहल रामनवमी पूजा और रमजान के अवसर पर कर दिया गया है। हम सब आपस में भाई चारगी का मिसाल कायम करेंगे। शांति पूर्वक रामनवमी पूजा संपन्न कराने एवं भाईचारगी का माहौल बनाने में एसडीपीओ नाजिर अख्तर, थाना प्रभारी इंस्पेक्टर ललित कुमार का अहम योगदान रहा। शांति पूर्वक रामनवमी पूजा संपन्न कराकर आपसी सद्भाव बनाए रखने में वरिष्ठ समाजसेवी मो इस्लाम, पूर्व मुखिया प्रतिनिधि मो बेलाल, मो इकबाल, मो नईम, मो मुफीद, मो मुख्तार, मो जावेद आलम, मो रहमत अली, मो जावेद, बंटी, मो कयूम, मो रजाक का अहम योगदान रहा। मौके पर अशोक यादव, रंजीत पांडेय, मनोज यादव, संतोष पंडित, दिनेश राणा, कमल शंकर पंडित, जितेंद्र गिरी, मुखिया नारायण यादव, प्रकाश साव, रामा रविदास, महेश यादव आदि लोग मौजूद रहे

## रामनवमी महापर्व महासमिति के अध्यक्ष के नेतृत्व में शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न रामनवमी पूजा

### मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम का जन्म जीवन त्याग, तपस्या, संयम, और संकल्प पर आधारित था : राजेन्द्र

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरही प्रखंड अंतर्गत करियातपुर में सातों अखाड़ों के द्वारा रामनवमी महापर्व को लेकर विशेष रूप से झांकी निकाली गई एवं अस्त्र शस्त्र परिचालन प्रतियोगिता आयोजित हुई। प्रतियोगी प्रतियोगिता में कई प्रतिभागी शामिल होकर काफी दमखम लगाया एवं अपना कर्तव्य दिखाया। प्रतियोगिता में लाठी, तलवारबाजी एवं विशेष शारीरिक प्रदर्शन पर आयोजित हुई। सर्वप्रथम सभी अखाड़ों के अध्यक्षों को महासमिति के अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद द्वारा पगड़ी पहनाकर स्वागत किया और सभी झांकियों का अवलोकन किया गया। सभी अखाड़ों को निर्देश दिया गया था। कि संध्या 4 से 5 बजे तक महासमिति के अखाड़ा करियातपुर मैदान में पहुंचकर संध्या 7 तक सभी अखाड़े के लोग अपने लाठी डंडा तलवर भाला इत्यादि खेल का प्रदर्शन करेंगे। उसके बाद बरसोत चौक तक शोभा यात्रा के रूप में जुलूस निकाला गया। सभी ग्रामों के द्वारा झांकी निकाली गई।सभी झांकियों के लिए एक निर्णायक मंडल नियुक्त थी। अच्छी झांकी प्रस्तुत करने वाले अखाड़े को महासमिति की ओर से 6 अप्रैल को सम्मानित किया जाएगा। मौके पर अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद, सचिव प्रदीप केसरी, कोषाअध्यक्ष मनोज कुमार, उपाध्यक्ष अनिल केसरी, सहसचिव संतोष केसरी, सहकोषाध्यक्ष संतोष प्रजापति, करियातपुर के अध्यक्ष चंदन कुमार केसरी, धनवार अध्यक्ष ब्रह्मदेव यादव,पिपरा घोघर अध्यक्ष रंजीत पाण्डेय, लखना अध्यक्ष अशोक यादव, दूध. पनिया अध्यक्ष अर्जुन पंडित, दुलमहा अध्यक्ष सागर चंद्रवंशी, तोखन प्रजापति, मुरली मनोहर केसरी, किशोरी मोहन पाण्डेय,बसुरेश साव,नारायण यादव, जितेंद्र गिरी, बाबूलाल पासवान, प्रकाश साव, नंदलाल कुशवाहा, विनोद प्रसाद, जवाहर प्रसाद, नरेश प्रसाद, अजीत कुमार कुशवाहा, विनय प्रसाद,राजेश प्रसाद, कमलेश कुशवाहा, धर्मेंद्र प्रजापति, झारखंडी पाण्डेय सहित विभिन्न अखाड़ों के पदाधिकारी एवं विभिन्न गांव से आए सैकड़ों ग्रामीण शामिल थे।

## अंडर 16 अंतर जिला क्रिकेट लीग के खिलाड़ियों का ओपन ट्रायल 5 अप्रैल को

**अपेम लाइव : लातेहार**

लातेहार : अंतर जिला क्रिकेट लीग अंडर 16 के लिए ओपन ट्रायल 5 अप्रैल को जिला खेल स्टेडियम लातेहार में किया जाएगा । इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले जिला भर के खिलाड़ी अपने साथ डिजिटल जन्म प्रमाण पत्र , आधार कार्ड, अपने माता या पिता का वोटर कार्ड , बैंक पासबुक तथा दो फोटो लेकर आएंगे । उक्त आशय की जानकारी संघ के सचिव अमलेश कुमार सिंह ने देते हुए बताया कि इस प्रतियोगिता में वही खिलाड़ी भाग ले सकते हैं जो सत्र 2022 -23 में स्कूली लीग खेले हैं और जिनका निबंधन लातेहार जिला क्रिकेट संघ में हो गया है । ट्रायल में भाग लेने वाले खिलाड़ी 5 अप्रैल को दिन के 10 बजे जिला खेल स्टेडियम लातेहार में पहुंच कर ओपन ट्रायल दे सकते हैं । ओपन ट्रायल में चयनित खिलाड़ियों का कैंप लगाया जाएगा । वहीं कैंप में बेहतर प्रदर्शन के आधार पर उनका चयन अंडर 16 अंतर जिला क्रिकेट लीग के लिए किया जाएगा ।

## सत्येंद्र गुप्ता के द्वारा मेले में महा भंडारा का आयोजन सैकड़ों लोग प्रसाद ग्रहण किए

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



बड़कागांव : सिकरी पंचायत में महा रामनवमी पूजा के शुभ अवसर पर दशमी के दिन मेले में प्रिया सेनेटरी बड़कागांव रेंज अ०फिस के पास संचालित संस्थान के प्रोपराइटर सत्येंद्र कुमार गुप्ता के द्वारा नौ कन्या पूजन, भोजन एवं महा भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किए। भंडारा का उद्घाटन आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव रोशन लाल चौधरी ने फीता काटकर किया उन्होंने कहा कि अपने धर्म के प्रति लोगों को ईमानदार रहना चाहिए अपने धर्म कर्म से ही लोग आगे बढ़ते हैं । भंडारा कराना पुण्य का कार्य है।

भंडारा कार्य में शामिल लोगों में मुख्य रूप से आजसू पार्टी के केंद्रीय सदस्य संदीप कुशवाहा , कृष्णा सिंह, राम प्रसाद महतो पूर्व मुखिया आशा सिंह, बसंत नारायण सिंह, रोहित कुमार गुप्ता, दीपक कुमार गुप्ता, अंकित कुमार गुप्ता, रोहित कुमार गुप्ता, पृथ्वीराज गुप्ता, देवेंद्र कुमार गुप्ता, अशोक कुमार शर्मा, भोला कुमार गुप्ता, विजय कुमार गुप्ता, जितेंद्र कुमार गुप्ता, अजय कुमार गुप्ता, अंशु कुमार गुप्ता, सोनू कुमार गुप्ता, मुकेश कुमार गुप्ता, राहुल कुमार गुप्ता, अभिषेक कुमार गुप्ता, सचिन कुमार गुप्ता, राकेश कुमार गुप्ता, आशीष कुमार दास सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे ।






सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## शांतिपूर्ण संपन्न हुआ रामनवमी, सख्त प्रशासन व ड्रोन कैमरा से रहा जुलूस पर पैनी नजर









**अपेम लाइव चंदवारा**
**श्रीकांत पांडेय**

कोडरमा चंदवारा रामनवमी जुलूस बेहद ही पारंपरिक व सांस्कृतिक तरीके से हुआ संपन्न भग. वान राम का जन्म उत्सव पूरे प्रखंड समेत चंदवारा में भव्य झांकी निकालकर मनाया गया भव्य झांकी का नजारा श्रीराम चौक स्थित देखने को मिला जहां ध्वजा धारी के महंत सुखदेव दास के द्वारा फीता काटकर जुलूस का विधिवत उद्घाटन किया गया तथा आगमन से पूर्व महंत जी का बाइक रैली के द्वारा स्वागत किया गया वही झांकी के रूप में केदारनाथ धाम का झांकी प्रस्तुत किया गया तथा छोटे-छोटे बच्चों के द्वारा भगवान राम सीता लक्ष्मण शंकर तथा वानर का रूप धारण कर पूरे गांव का भ्रमण किया गया सभी श्रद्धालु भगवा वस्त्र पहनकर जय श्री राम के नारे से भ्रमण करते नजर आए वही नीचे बस्ती बजरंगबली समिति में छोटे छोटे बच्चियों को झांसी की रानी के रूप में दिखाया गया तथा महुगाई चंदवारा में भव्य जुलूस निकाला गया जिसमें सभी भक्तजन झूमते नजर आए इस पूरे राम जन्म उत्सव रैली में भारी संख्या में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किया गया था जिसमें अंचलाधिकारी राम रतन बरनवाल विकास पदाधिकारी संजय कुमार यादव मायका अंचल अजय कुमार थाना प्रभारी नीतीश कुमार पैनी नजर बनाए हुए थे तथा इन सबों के ऊपर सुरक्षा में कोई चूक ना हो उसके लिए ड्रोन कैमरा से पूरा जुलूस का म०निटरिंग किया गया तथा कोडरमा पुलिस कप्तान ने खुद मौके पर पहुंचकर विधि व्यवस्था का जायजा लेते रहे किसी भी स्थिति से निपटने को तैयार थे सुरक्षाकर्मी इस मौके पर श्री राम चौकी स्थित सुनील सोनी ,राजेश वर्मा, अनूप वर्मा ,नंदकिशोर सोनी ,माहरू मोदी ,अर्जुन स्वर्णकार ,अनिल सोनकर, प्रमोद सोनी ,वही नीचे बस्ती शंकर पांडे, अजय पंडित, इंद्रदेव गुप्ता,अमन कुमार, महुगाय चंदवारा में सतेंदर यादव, संजय यादव,विजय यादव , विनोद राम ,विकास यादव, भूषण यादव ,अजय यादव ,सरवन कुमार, नीरज यादव ,बबलू कुमार, वही बड़ी संख्या में महिलाएं इस उत्सव में उपस्थित रहे।

## झांकी व जुलूस में गंगा दोहर प्रथम, द्वितीय शिवाडीह व तृतीय स्थान तलसवार को

### हरली रामनवमी महासमिति ने किया पुरस्कार देकर सम्मानित









**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**

बड़कागांव : मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्री राम के जन्म दिवस के हरली में आयोजित ऐतिहासिक रामनवमी मेला में विभिन्न गांव अखाड़ा से आए झांकी व जुलूस एवं पारंपरिक कला प्रदर्शन में प्रथम रामनवमी पूजा समिति गंगादोहर, द्वितीय रामनवमी पूजा समिति शिवाडीह, तृतीय श्री हनुमंत रामनवमी पूजा समिति तलसवार को प्राप्त हुआ वही रामनवमी पूजा समिति सांढ़-छपेरवा को चौथा, राम नवमी पूजा समिति पिपराडीह को पांचवा , स्थान छठा स्थान रामनवमी पूजा समिति विश्रामपुर, सातवा रामनवमी पूजा समिति अमर ज्योति क्लब चोपदार बलिया पासी टोला, आठवां रामनवमी पूजा समिति गोसांई बलिया, नवम रामनवमी पूजा समिति बादाम, 10वां नवयुवक किसान क्लब मधुइया ढाब, 11वां रामनवमी पूजा समिति नापो कला, 12वी रामनवमी पूजा समिति महूँगाई खुर्द,13वां महा रामनवमी पूजा समिति खरांटी, 14वां रामनवमी पूजा समिति बेला बेलतौल, 15वां रामनवमी पूजा समिति जोरा काठ, 16 वा रामनवमी पूजा समिति चपरी, 17 वा स्थान रामनवमी पूजा समिति मोतरा को मिला। वही व्यक्तिगत तौर पर बेहतर कला प्रदर्शन करने वालों में हनुमान जी गंगादोहर, सती सुचिता शिवाडीह, अन्नपूर्णा किराएदार पिपराडीह, भक्त प्रल्हाद गुसाईं बलिया, आनंदी सांढ़-छपेरवा, पारंपरिक ताशा व सहनाइ टीम तालसवार, पारंपरिक शहनाई टीम सांढ़-छपेरवा, रविन्द्र कुमार मधुईया ढाब , विजय यादव एवम गणेश यादव को बेहतर प्रदर्शन को लेकर पुरस्कार से नवाजा गया। जिसे क्रमशः हरली रामनवमी महासमिति अध्यक्ष सचिव कोषाध्यक्ष संयोजक मुखिया पंचायत समिति सदस्य के साथ-साथ पूर्व पदाधिक. ारियों के हाथों पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।






## सामाजिक सौहार्द्र के साथ में मनाई गई रामनवमी, बेहतर प्रदर्शन करने वाले अखाड़ों को किया गया पुरस्त

**अपेम लाइव : लातेहार**
**नीरज सिन्हा**




लातेहारः जिले में रामनवमी शांति और सौहार्द्रपूर्ण माहौल में संपन्न हो गया. विभिन्न अखाड़ों के कलाकारों के गुरुवार की देर रात तक झांकी तथा कला प्रदर्शन किया गया. मुख्य अखाड़ा के द्वारा आयोजित कार्यक्रम में स्थानीय विधायक ने बेहतर प्रदर्शन करने वाले अखाड़ों को पुरस्कृत भी किया. लातेहार जिला मुख्यालय में । जिला मुख्यालय के लगभग 15 अखाड़ों के अलावे प्रखंड के विभिन्न गांव के 1 दर्जन से अधिक अखाड़ों ने अपनी झांकी के साथ शोभा यात्रा निकाली थी. शोभायात्रा देर रात तक चली. इसके बाद लातेहार बाजारटांड़ के प्रांगण में मुख्य अखाड़ा के द्वारा आयोजित कार्यक्रम में सभी अखाड़ा के लोग पहुंचे . कार्यक्रम और अखाड़ों के प्रदर्शन के आधार पर निर्णायक मंडली के द्वारा झांकी, बैंड आदि के बेहतर प्रदर्शन के लिए अखाड़ों को चिन्हित किया गया. जिसमें जुबली चौक अखाड़ा को प्रथम , चाणक्य नगरी अखाड़ा को द्वितीय तथा ठाकुरबाड़ी महावीर मंदिर अखाड़ा और धर्मपुर अखाड़ा को तृतीय पुरस्कार दिया गया।वहीं मुख्य अखाड़ा के द्वारा आयोजित कार्यक्रम में लोगों के द्वारा शस्त्र चालन प्रदर्शन भी किया गया. इस दौरान कई युवतियों ने भी तलवार तथा अन्य शस्त्र चालन का प्रदर्शन किया गया।इस दौरान ठाकुरबाड़ी अखाड़े के द्वारा बाहर से लाए गए कलाकारों के द्वारा भगवान शिव की विभिन्न कलाओं का प्रदर्शन किया गया. साथ ही भगवान कृष्ण रासलीला का भी प्रदर्शन किया गया. पुलिस की भूमिका रही सराहनीयः पूरे कार्यक्रम के दौरान पुलिस की भी भूमिका सराहनीय रही. लातेहार एसपी अंजनी अंजन के अलावे एसडीपीओ संतोष कुमार मिश्र, पुलिस इंस्पेक्टर चंद्रशेखर चौधरी आदि पुलिस अधिकारी पूरी तरह तत्पर दिखे. सभी अखाड़ों के जुलूस के साथ पुलिस की एक टीम भी साथ में थी.

## सीआरपीएफ 214 डी बटालियन ने सिविक एक्शन के तहत किया रेडियो तथा विज का वितरण

**अपेम लाइव : लातेहार**
**उमेश यादव**




गारु/लातेहार : गारु थानाक्षेत्र के नक्सल प्रभावित क्षेत्र मारोमार मे सीआरपीएफ 214 डी बटालियन द्वारा सिविक एक्शन कार्यक्रम के तहत ग्रामीणों के बीच रेडियो तथा बीज का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से कमांडेंट 214 बटालियन कृष्ण दत्त जोशी उपस्थित हुए। मारोमार, हेनार, सुरकुमी गाँव से आए ग्रामीण लोगों को भी कमांडेंट केडी जोशी ने संबोधित किए। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के नाती नक्सल प्रभावित क्षेत्र में सीआरपीएफ ग्रामीणों के सेवा के लिए हमेशा तत्पर है। आगे उन्होंने कहा कि हेनार जैसे सुदूरवर्ती क्षेत्र में नेटवर्क उपलब्ध नहीं है जिसके कारण आम लोगों को नवीनतम योजनाओं का जानकारी नहीं मिल पाता है। इसलिए इस प्रकार के क्षेत्रों में समाचार सुनने तथा अन्य मनोरंजन के लिए संगीत सुनने का सशक्त माध्यम रेडियो बन सकता है। कृषि कार्य को ध्यान में रखते हुए किसानों को गुणवत्तापूर्ण बीज उपलब्ध किया गया। खासकर मक्के का खेती क्षेत्र में ज्यादातर होता है। बारिश के बाद तुरंत अपना फसल किसान बहुत सके इसके लिए उन्होंने 150 किसानों के बीच बीज का वितरण किया। मौके पर सहायक कमांडेंट मणिवासगन एम, गारु थाना प्रभारी राजीव कुमार भगत, ग्रामीण तथा अन्य सीआरपीएफ के बल मौजूद थे।

## एसवीएम ने किया वार्षिक परीक्षा फल का वितरण

**अपेम लाइव : लातेहार**
**नीरज सिन्हा**



लातेहार : स्थानीय सरस्वती विद्या मंदिर धर्मपुर पथ , लातेहार के वंदना सभागार में सत्र 2022-23 के वार्षिक परीक्षा फल का प्रकाशन भैया/ बहनों एवं अभिभावकों के उपस्थिति के बीच की गई । परीक्षा फल प्रकाशन में विद्यालय प्रबंध कारिणी समिति के अध्यक्ष अनिल कुमार ठाकुर , सह सचिव प्रीति भारती , कोषाध्यक्ष ज्योति चौधरी एवं अभिभावक प्रतिनिधि उदय भानु प्रताप सिंह उपस्थित रहे।कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय की प्रधानाचार्य अरुण कुमार चौधरी ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती , एवं भारत माता की चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ किया गया।परीक्षा प्रमुख रितेश रंजन गुप्ता ने परीक्षा की भूमिका पर प्रकाश डाला।जबकि मंच का संचालन रितेश रंजन गुप्ता एवं रेनू गुप्ता ने संयुक्त रूप से किया ।इज़ अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य श अरुण कुमार चौधरी ने सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं एवं अंक लाने वाले भैया/ बहनों को भविष्य में और भी मेहनत करके आगे बढ़ने का मंत्र दिया ।प्रधानाचार्य जी ने आगामी सत्र के कुछ योजनाओं को भी भैया बहनों व अभिभावकों के सम्मुख रखें।विद्यालय प्रबंध कारिणी के अध्यक्ष अनिल कुमार ठाकुर ने आशीर्वचन देते हुए भैया / बहनों को प्रोत्साहित किया ।धन्यवाद ज्ञापन विद्यालय के आचार्य ओंकार नाथ सहाय ने किया।कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अभिभावक के अलावे आचार्य लालबहादुर राम , शशिकांत पांडे , विजय पाठक , ओंकार नाथ सहाय , राधे श्याम मिश्र , विजेंद्र शर्मा , ममता देवी , सुरेश ठाकुर , नीलम , अभिनय कुंभकार , रेणु गुप्ता , गीता कुमारी , गोपाल प्रसाद , रितेश रंजन गुप्ता , धर्मप्रकाश प्रसाद , पूनम गुप्ता , आलोक कुमार पांडेय , फूलचंद सिंह , कपिल देव प्रमाणिक , रविकांत पाठक , राकेश कुमार सिन्हा , रविन्द्र कुमार पांडेय , दीपक कुमार शर्मा , विकास कुमार गुप्ता , रजनी नाग , श्वेता श्रीवास्तव , प्रवीण प्रसाद यादव , रूपेश सिंह , अनुजा कुमारी , उपासना कुमारी , शिल्पा पाठक मौजुद रहे। स्थान प्राप्त करने वाले भैया/ बहनों के नाम -: कक्षा अरुण अ प्रथम रुद्रांश गोप (97.6)द्वितीय अवनीत सिंह (97.5)तृतीय संध्या कुमारी (97.4) कक्षा अरुण ब प्रथम आर्यन कुमार (97.6) द्वितीय दीपशिखा कुमारी (97.4)तृतीय आदित्य सिंह (93.6)कक्षा उदय अ प्रथम प्रणव प्रतीक (97.4) द्वितीय मंजरी कुमारी (96) तृतीय जय सिंह (95.9)कक्षा उदय बप्रथम मानस राज (99.5)द्वितीय भीम उरांव (97.5)तृतीय हर्षित पांडे (96.7)कक्षा 1 प्रथम आर्यन कुमार(92.21 द्वितीय अश्विनी कुमार(90.57) तृतीयअनीश कुमार(89.28)कक्षा 2 प्रथम जलज जयवीर(91.81) द्वितीय राहुल कुमार(87.87) तृतीयअमृतकुमार (84.56)कक्षा 3 अ प्रथम यश तिवारी(84.38) द्वितीय प्रिंस राज (84.11) तृतीय अभय कुमार(82.88) कक्षा 3 ब प्रथम शशि रंजन(87.5)द्वितीय ज्ञाननंद ज्ञान(84.22)तृतीय भानु दुबे(80.33)कक्षा 4 अ प्रथम हिमांशु सिंह(71.66) द्वितीय अंजनी कुमारी(70.94) तृतीय लकी कुमार(69.16) कक्षा 4 ब प्रथम यश गुप्ता (85.44)द्वितीय आदित्य कुमार(85.11)तृतीय विवेक कुमार(76.27)कक्षा 5 अ प्रथम सौम्या कुमारी(89.77) द्वितीय प्रेरणाश्रीवास्तव(83.61) तृतीय निशांत कुमार (79.11) कक्षा 5 ब प्रथम श्रेया गुप्ता (92.5)द्वितीय आकांक्षा कुमारी(91.44)तृतीय सेजल कुमारी(87.72)कक्षा 6 अ प्रथम तनमय गुप्ता (79.61) द्वितीय प्रिया कुमारी(71) तृतीय प्रत्यक्ष प्रिया(69.44) कक्षा 6 ब प्रथम उदयन कौशिक (86.38)द्वितीय राधिका रानी(85.61) तृतीय आर्यन शर्मा(80.83) कक्षा 7 अ प्रथम हर्ष राज(70.5)द्वितीय वंशी लाल (67.38) तृतीय स्वस्तिक सजग(63.72)कक्षा 7 ब प्रथम रौशनी गुप्ता(81.66) द्वितीय परी कुमारी(80.94) तृतीय कनक कुमारी(65.5) कक्षा 8 अ प्रथम शौर्य राज(83.44)द्वितीय हरिओम पांडे(76.66) तृतीय राजप्रसाद गुप्ता(72.33)कक्षा 8 ब प्रथम प्रज्ञा कुमारी(83.11) द्वितीय हाम्या खातून(81.16) तृतीया दीपा रानी (78.66) कक्षा 9 अ प्रथम जयदीप कुमार(96.58)द्वितीय आशुतोष कुमार (82.8)तृतीय बसंत यादव (75.16)कक्षा 9 ब प्रथम शांभवी सुहाना(93.41) द्वितीय अनन्या कुमारी(89.41) तृतीय रिया कुमारी(86.75) इसके आलावा कक्षा में सबसे अधिक उपस्थिति वाले भैया/बहनों को भी मेडल देकर सम्मानित किया गया।






सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## अंजुमन कमेटी ने राम भक्तों के बीच शरबत पानी मोरबा एवं बिस्किट का किया वितरण

**अपेम लाइव : लातेहार**
**नीरज सिन्हा**



श्री बंशीधर नगर : खुद को इस धूप तपिश में भूख प्यास रखकर अंजुमन कमेटी के लोगों के द्वारा चेचरिया स्थित लड़की स्कूल के समीप स्ट०ल लगाकर राम भक्तों को शरबत पानी मोरबा एवं बिस्किट का व्यवस्था किया गया। स्टॉल का उद्घाटन अंजुमन कमेटी के सदर तौहिद खान एवं पदाधिकारियों ने राम भक्तों को शरबत पानी पिला कर किया।इस अवसर पर सदर तौहिद खान ने कहा कि पवित्र माह ए रमजान का महीना चल सभी मुस्लिम समुदाय लोग रोजा रहते हैं। उन्होंने कहा कि हमारे यहां सभी त्यौहार आपसी भाईचारे के साथ हिंदू मुस्लिम का त्यौहार बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि रामनवमी का जुलूस हमारे शहर में निकाला गया है राम भक्तों के लिए अंजुमन कमेटी की तरफ से शरबत पानी का व्यवस्था किया गया है। उन्होंने कहा कि रामनवमी त्योहार आपसी भाईचारे का त्यौहार है हम सभी हिंदू मुस्लिम एकता का परिचय देते हुए रामनवमी त्योहार मनाते हैं।मौके पर प्रतिष्ठित व्यवसाई व समाजसेवी आमीन खान, झामुमो युवा लालबाबू खान,तस्लीम खान, शमीम खान,पप्पू खान,समाजसेवी शोएब आलम,हैदर खान,महमूद आलम सीनियर,तौवाब खान,अज़हरुल खान,मंसूर खान,बाबु ख़लीफ़ा,फुलटुन खान,शकील अहमद ,नसरुल्लाह खान,इरफान खान,अरशद खानसहित अन्य लोग का नाम शामिल हैं।

## राम मय हुआ श्री बंशीधर नगर, जय श्री राम के जयकारे के साथ निकाली गई भव्य जुलूस एवं झांकी

**अपेम लाइव : लातेहार**
**नीरज सिन्हा**



श्री बंशीधर नगर : श्री राम नवमी का त्योहार गुरुवार को श्री बंशीधर नगर अनुमंडल मुख्यालय समेत ग्रामीण क्षेत्रों में शांतिपूर्ण तरीके से धूमधाम से मनाया गया। रामनवमी के दिन प्रखंड मुख्यालय सहित ग्रामीण क्षेत्रों में महावीरी एवं तिरंगा झंडा के साथ भव्य जुलूस निकाला गया। श्री राम सेना, विहिप व बजरंग दल एवं हिन्दू सेना की ओर से गोसाईबाग लालाबागी स्थित बजरंग बली मंदिर में विधिवत पूजा अर्चना के बाद रामदरबार के साथ भव्य जुलूस एवं झांकी निकाली गई। जुलूस में रामजी की निकली सवारी, राम जी की लीला है न्यारी, जय श्रीराम, जय हनुमान के जयकारे से श्री बंशीधर नगर गुंजायमान रहा। जुलूस गोसाईबाग से लेकर मेनरोड होते हुये भवनाथपुर मोड़ तक गई एवं वापस बस स्टैंड पहुंच कर समाप्त हुई। श्री राम सेना की ओर से भक्ति जागरण का आयोजन किया गया। जुलूस का नेतृत्व सभी गांवों के प्रमुख तथा गणमान्य लोग कर रहे थे।

जुलूस में ये थे शामिल

जुलूस में विधायक भानू प्रताप शाही, पूर्व मंत्री रामचंद्र केसरी, पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव, बीस सूत्री के प्रखंड अध्यक्ष शैलेश कुमार चौबे, नगर पंचायत उपाध्यक्ष लता देवी, राजेश प्रताप देव, पूर्व चौयरमैन शिवधारी राम, झामुमो जिला उपाध्यक्ष मुक्तेश्वर पांडेय, सूर्यदेव मेहता, अम. रनाथ पांडेय, वार्ड पार्षद नीरज कुमार, कामता प्रसाद, अनुज तिवारी, तस्लीम खां, कामेश्वर प्रसाद, राकेश जायसवाल उर्फ बबलू जायसवाल, अशोक कुमार, मिक्की जायसवाल, अजय प्रसाद, संजीत कुमार उर्फ छोटू, रा. जेश जायसवाल, अरुण जायसवाल, मंटू, श्रीराम सेना के अध्यक्ष रजनीकांत मधुर उर्फ भोलू, पप्पू अनमोल, वीरेंद्र अग्रहरी, चेंबर के अध्यक्ष शंभूनाथ सौदागर, गोपाल जायसवाल, अशोक जायसवाल, ओमप्रकाश चौबे, आशीष जायसवाल, विनोद कसेरा, ओमप्रकाश गुप्ता, विकास स्वदेशी, अजीत कुमार गुरु, अंकित कुमार, सुमित कलवार, उमेश कुमार चाहत, मनोज कुमार, अनूप निराला, नित्यानंद कुमार, अमित कुमार गुड्डू, आनंद जायसवाल, आशीष कुमार, अनिल मेहता, अशोक सेठ, आनंद कमलापुरी समेत बड़ी संख्या में लोग शामिल थे। सुरक्षा के थे पुख्ता इंतजाम जुलूस शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिये पुलिस एवं प्रशासन के लोग तत्पर थे। सभी चौक चौराहों पर पुलिस बल की तैनाती की गई थी। एसडीओ आलोक कुमार एवं एसडीपीओ प्रमोद कुमार केसरी क्षेत्र पर पैनी नजर बनाये हुये थे। जबकि बीडीओ श्रवण राम, सीओ अरुण कुमार मुंडा, सिटी मैनेजर रवि कुमार एवं थाना प्रभारी नीतीश कुमार सिंह लगातार शहर एवं गांव का भ्रमण कर जायजा ले रहे थे।

## पाण्डेयबारा पीपीएल टूर्नामेंट का चौंपियन बना कुतलु

**अपेम लाइवः चौपारण**
**किशोर राणा**



चौपारण : स्वतन्त्र क्लब पाण्डेयबारा द्वारा आयोजित पाण्डेयबारा प्रीमियर लीग(प्प्स्) का फाइनल मैच शुक्रवार को सम्पन्न हो गया । फाइनल मैच में जगदीशपुर पंचायत के कुतलु की टीम पाण्डेयबारा की टीम को 20 रनों के अंतर से हराकर चौंपियनशिप का खिताब अपने नाम किया। बतादें कि चौपारण प्रखंड के पाण्डेयबारा क्रिकेट ग्राउंड में पांच दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया था जिसमें प्रखंड के कुल 16 टीमों ने भाग लिया था। फाइनल मुकाबले में पाण्डेयबारा की टीम ने ट०स जीतकर पहले गेंदबाजी करते हुए कुतलु की टीम को 10 ओवर में 87 रनों पर ऑल आउट कर दिया , लक्ष्य का पीछा करने उतरी पाण्डेयबारा की टीम की शुरुआत बहुत जबरदस्त रहा पर इसके बाद कुतलु की टीम की शानदार गेंदबाजी व क्षेत्ररक्षण के आगे पाण्डेयबारा की टीम बेबस दिखी और 67 रनों पर ऑल आउट हो गई । मैच में कुतलु की टीम से शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन करने वाले भोला को मैन अ०फ द मैच का खिताब मिला वहीं मैन ऑफ द सीरीज का खिताब सेलहारा के सचिन को मिला। इस मौके पर मुख्य रूप से चौपारण प्रमुख पूर्णिमा देवी , मुखिया रेखा देवी , सांसद प्रतिनिधि राजेंद्र चन्द्रवंशी , पूर्व मुखिया संघ अध्यक्ष राजदेव यादव , पूर्व मुखिया अनिल पाण्डेय , उप मुखिया संजय गुप्ता , प्रमुख प्रतिनिधि उदय राणा , जगदीशपुर पंचायत मुखिया प्रतिनिधि परमेश्वर साव , पंचायत समिति सदस्य कैलाश भुइयां , समाजसेवी रवीश सिंह , भाजपा मीडिया प्रभारी मुनेश्वर गुप्ता , सिंह , बिनोद यादव , बीके यादव , बासुदेव गुप्ता , शिक्षक तारकेश्वर सिंह , ढाली साव , राजकुमार रविदास , कमेटी से विवेक , नीरज , रामचंद्र , पप्पु , सौरव , अमर ,कुलदीप , अमन , अभिषेक , विकास , सुरज , यशवंत , लोकेश , चीटू , दीपक , प्रशांत , सनोज भुइयां , लवकुमार भुइयां समेत हजारों की संख्या में दर्शक उपस्थित थे।

## बारेसांढ़ में रामनवमी सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न, सामाजिक एकता का मिसाल है क्षेत्र : प्रताप टोप्पो

**अपेम लाइव : लातेहार**
**उमेश यादव**



गारू /लातेहार : गारू प्रखंड के बारेसांढ़ में रामनवमी पूजा शांतिपूर्ण गुरुवार देर रात्रि में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में आकर्षक झांकियों को देखने के लिए लोगों का जमावड़ा लगा रहा। पुलिस शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए चौकस तरीके से नजर बनाए हुए थे। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि गारू प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रताप टोप्पो, बा. रेसांढ़ थाना प्रभारी रंजीत कुमार यादव के साथ सुबह से ही अखाड़े के समितियों से मिलकर हालचाल ले रहे थे। बारेसांढ़ थाना क्षेत्र के 11 अखाड़े बाजे गाजे के साथ जुलूस निकालकर बाजार से शिव मंदिर पर एक साथ मिले। शिव मंदिर के बाद जुलूस तय रास्ते से भ्रमण करते हुए थाना परिसर तक पहुंचा। तदुपरांत सभी अखाड़े सम्मान समारोह के लिए ललमटिया खेल स्टेडियम पर पहुंची। जहां पर रामनवमी पूजा महासमिति के तत्वधान में खेल दिखाने वाले तथा जुलूस में उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों को सम्मानित किया गया। जुलूस में मुस्लिम समुदाय का योगदान सराहनीय रहा अंजुमन इस्लामिया कमेटी बारेसांढ़ द्वारा जुलूस में शामिल लोगों के लिए स्टॉल लगाकर शरबत पानी का व्यवस्था किया गया। कमेटी के रफीक अंसारी, इरफान अंसारी, मुजाहिर अंसारी के इस कार्य की सराहना पूरे प्रखंड में हो रही है। बताते चलें कि रामनवमी पूजा महासमिति बारेसांढ़ सामाजिक सौहार्द की मिसाल पेश करने वाले सभी लोगों को सम्मानित किया चाहे वह जिस भी धर्म या संप्रदाय से आते हैं। पुलिस सहायता केंद्र खोलकर श्रद्धालुओं का उत्साह में चार चांद लगायी पुलिस एक तरफ जहां किसी भी त्यौहार में रात को नियंत्रण करने के लिए पुलिस को ठोस कदम उठाना पड़ता है, वहीं बारेसांढ़ हिंदू मुस्लिम की एकता को देखते हुए, बारे. सांढ़ पुलिस द्वारा श्रद्धालुओं के सम्मान में पुलिस सहायता केंद्र खोलकर हर संभव मदर सुनिश्चित किया गया।




